उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025

आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना।

संख्याः-पीआरपीबी-बी(होमगार्ड संवर्ग)-02/2025 दिनांक- जुलाई 08,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षक (डीवी/पीएसटी) हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की डीवी/पीएसटी की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों की रिजर्व पुलिस लाइन में दिनांक **13-07-2026** से प्रारम्भ हो रही है।

2- उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) का प्रवेश पत्र दिनांक 06-07-2026 को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है, अभ्यर्थियों को निर्गत प्रवेश पत्र में अन्य अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र की प्रति डीवी/पीएसटी परीक्षण स्थल पर लाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र की प्रति उनके पास उपलब्ध न होने के सम्बन्ध में भर्ती बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है।

3- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु **ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड** किये जाने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 09-07-2026** से उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की प्रति उक्त लिंक से डाउनलोड कर सकते है।

4- अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेंगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।